**प्रेस नोट-**

**थाना टहरौली झांसी**

**दिनाँक 28.06.2025**

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं वाँछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **हत्या के अभियोग में वाँछित 02 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से घटना में प्रयुक्त सिरिन्ज बरामद,**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस उपमहानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी, श्री केशव कुमार चौधरी के कुशल पर्यवेक्षण एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं घटनाओं के सफल अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु की जा रही प्रभावी कार्यवाही के क्रम थाना टहरौली पुलिस द्वारा आज दिनाँक 28.06.2025 को मु0अ0सं0-123/25 धारा 103(1) बीएनएस थाना टहरौली, जनपद झांसी का सफल अनावरण कर घटना में संलिप्त 02 अभियुक्त 1. कमला उर्फ कामिनी पत्नी महेश जाटव निवासी मो0 आरामील तानसेन नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर (म0प्र0) 2. पूजा पत्नी सन्तोष कुमार राजपूत निवासी कुम्हरिया थाना टहरौली जिला झांसी को गिरफ्तार करते हुये घटना में प्रयुक्त सिरिन्ज बरामद किया गया। उक्त सम्बन्ध में अभियोग में सुसंगत धाराओं का समावेश करते हुये अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 24.06.2025 को वादी श्री अजय कुमार राजपूत निवासी ग्राम कुम्हरिया थाना टहरौली जिला झांसी द्वारा थाना टहरौली पर लिखित प्रार्थना-पत्र बावत अपनी पत्नी श्रीमती सुशीला देवी उम्र करीब 55 वर्ष की हत्या कर दिये जाने के सम्बन्ध में दिया गया।

उक्त प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 123/25 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। घटना के सफल अनावरण एवं सम्बन्धित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस की टीमें गठित की गयी। पुलिस टीमों द्वारा सार्थक प्रयास करते हुये विवेचना के क्रम में अभियुक्त गण 1. कमला उर्फ कामिनी पत्नी महेश जाटव निवासी मो0 आरामील तानसेन नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर (म0प्र0) 2. अनिल वर्मा पुत्र मदनलाल वर्मा उम्र करीब 40 वर्ष निवासी रेशम मील पुरानी लाइन बिरला नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर (म0प्र0) 3. पूजा पत्नी सन्तोष कुमार राजपूत निवासी कुम्हरिया थाना टहरौली जिला झांसी उम्र करीब 29 वर्ष का नाम प्रकाश में आया। घटना में संलिप्त/वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सार्थक प्रयास करते हुये आज दिनांक 28.06.2025 को थाना टहरौली पुलिस टीम द्वारा ग्राम कुम्हरिया के पास से अभियुक्त 1. कमला उर्फ कामिनी पत्नी महेश जाटव निवासी मो0 आरामील तानसेन नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर (म0प्र0) 2. पूजा पत्नी सन्तोष कुमार राजपूत निवासी कुम्हरिया थाना टहरौली जिला झांसी को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त सिरिन्ज को बरामद किया गया। शेष अभियुक्त अनिल वर्मा उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –**

1. कमला उर्फ कामिनी पत्नी महेश जाटव निवासी मो0 आरामील तानसेन नगर थाना हजीरा जनपद ग्वालियर (म0प्र0)
2. पूजा पत्नी सन्तोष कुमार राजपूत निवासी कुम्हरिया थाना टहरौली जिला झांसी

**बरामदगी –** हत्या में प्रयुक्त 01 सिरिन्ज

**गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम –**

1. श्री सुरेश कुमार प्रभारी निरीक्षक, थाना टहरौली झांसी।
2. उ0नि0 श्री अश्वनी कुमार, थाना टहरौली झांसी।
3. का0 925 रणजीत सिंह, थाना टहरौली झांसी।
4. का286 रोहित कुमार मौर्या, थाना टहरौली झांसी।
5. म0का0 1607 आरती, थाना टहरौली झांसी।
6. म0का0 1483 शिखा उपाध्याय, थाना टहरौली झांसी।